-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 20.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन सभागार में व्यापारियों साथ की गई मीटिंग। व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान करने तथा व्यापार सुगम कानून व्यवस्था बनाने पर की जा रही है प्रभावी कार्यवाही।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आमजनमानस में सुरक्षा का भाव मजबूत करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा पुलिस लाइन सभागार में व्यापारियों के साथ मीटिंग की गई। इस दौरान उन्हे सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। मीटिंग में व्यापारियों द्वारा उठाये गये मुद्दों पर प्रभावी कार्यवाही का भी आश्वासन दिया गया। मीटिंग में उन्होने कहा कि शहर क्षेत्र में विशेष कर मुख्य बाजार और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जायेगा साथ ही पुलिस ऐसे स्थानों पर वन-वे लागू करने की दिशा में प्रयास कर रही है। उन्होने व्यापारियों से अपील की कि जो भी लोग सड़कों का अतिक्रमण कर दुकानों को बढ़ाते हैं वे ऐसा न करें इससे शहर क्षेत्र में जाम की समस्या उत्पन्न होती है। अगर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता तो इसके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। मीटिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा व्यापारियों को साइबर अपराध के तरीकों व उससे बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट बांदा श्री संदीप केला, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री वेदमणि मिश्र, निरीक्षक यातायात श्री राजेश चन्द्र मिश्रा, प्रभारी व्यापार प्रकोष्ट श्री हरिश्चन्द्र वर्मा तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।